दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

करौली। कुडगांव थाना पुलिस ने टॉप 10 के वांछित अपराधी व मारपीट कर ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ के सुपरविजन में जिलेभर में वांछित अपराधी और बदमाशों के चल रहे घर पकड अभियान के तहत टॉप 10 वांछित अपराधीयो में मारपीट का ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अपहरण करने के फरार चल रहे दो आरोपियों अतराज पुत्र रामनिवास गुर्जर निवासी बाढ गुलाल और गुट्टी उर्फ मुकेश पुत्र रामनिवास मकनपुर गांव में स्थित यज्ञशाला से गिरफ्तार किया। मासलपुर थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले लंबे समय से फरार चल रहे थे जिनको सूचना के आधार पर मय पुलिस टीम के मौके पर दबोचा।मासलपुर खेडा पुलिस ने बताया कि हल्के पुत्र हंसराम जाटव निवासी कोटा छावर सहित 2-3 लोग भउआपूरा बस स्टैंड से ऑटो में सवार होकर करौली की तरफ आ रहे थे इस दौरान ऑटो चालक ने तेज गति और लापरवाही से ऑटो चलाकर पलट दिया जिसमें कई लोग चोटिल हो गए।

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती मनाई

गंगापुर सिटी (निसं)। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयांनंद सरस्वती की 200वी जयंती के उपलक्ष्य में पिछले 1 वर्ष से चल रहे ज्ञान ज्योति पर्व शहर में बडे ही धूमधाम से मनाया गया। जयंती के अवसर पर आर्य समाज गंगापुर सिटी के द्वारा अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमे आर्य समाज गंगापुर सिटी के द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय में वैदिक साहित्य कॉर्नर के लिए एक रैक भेंट की गई जिसमे महर्षि दयानंद एवं आर्य समाज के वैदिक साहित्य को रखा जाएगा। कार्यक्रम में आर्य वीर दल के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित मदन मोहन आर्य ने महाविद्यालय की कन्याओं को अपने उद्बोधन में बताया कि 200 वर्ष पूर्व नारियों की स्थिति समाज में बडी दयनीय थी। सती प्रथा, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं का प्रचलन मध्यकाल में हो गया था। ऐसे में दयानंद सरस्वती ने अपनी पुस्तक सत्यार्थप्रकाश के माध्यम से स्त्रियों को वेद पढने का अधिकार दिलवाया और इनको कुप्रथाओं के चंगुल से स्त्रियों को बचाया। महर्षि दयानंद का विचार ही स्वाधीनता संग्राम की नींव थी।

गंगापुर सिटी में महर्षि दयांनंद सरस्वती की जयंती पर पुस्तकालय में रैक भेंट की।

सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था कि कांग्रेस के इतिहास में भी लिखा गया है कि देश के स्वाधीनता संग्राम में अपनी जान को न्योछावर करने वालों में 85त्न आर्य समाजी थे। आज नारी ने जो विभिन्न क्षेत्र में ऊंचाई या हासिल की है वह महर्षि दयानंद व आर्य समाज के संघर्ष का परिणाम है। आर्य समाज के मंत्री का अभिषेक बंसल ने बताया कि महर्षि दयानंद ने महिला सशक्तिकरण एवं महिला शिक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य विजेंद्र गुर्जर ने बताया कि महर्षि दयानंद का कार्य एवं विचार समाज की कुरीतियों एवं गलत मान्यताओं का प्रबल खंडन करता है। आर्य समाज सनातन वैदिक धर्म के वास्तविक स्वरूप को प्रस्तुत करने वाली एकमात्र संस्था है जो व्यक्तियों को सनातन मानव मूल्य पर गर्व करने का अधिकार दिलाती है। नगर संचालक आशुतोष आर्य ने बताया कि दयानंद सरस्वती की 200 भी जयंती के उपलक्ष्य में पिछले एक वर्ष से ज्ञान ज्योति पर्व भारत सरकार के द्वारा मनाया जा रहा है जो की अगले एक वर्ष तक निरंतर चलेगा। इस अवसर पर महर्षि दयानंद के विचारों पर विशेष पत्रिका का प्रिंट करवाकर जन जन तक पहुंचाया जा रहा है, साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से कैंपेन चलाकर महर्षि के विचारो को जन जन तक पहुंचाया।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

धौलपुर। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रशासनिक सुधार विभाग के निर्देशानुसार सभी विभाग ई-फाइल को अधिक से अधिक प्राथमिकता देवें। आमजन द्वारा प्राप्त शिकायतों को संपर्क पोर्टल पर समय पूर्वक अपलोड करायें। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से आमजन की शिकायतों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी कार्मिक साथी महिला कार्मिकों के साथ सम्मान पूर्वक ढंग से पेश आयें। कार्यस्थल पर विशाखा गाइडलाइन्स की पालना की जाये एवं किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर आंतरिक समिति से उसकी भली भांति जांच कराई जाये। जिला कलक्टर ने आगामी 16 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा पर वर्चुअल संवाद कार्यक्रम के विषय में सभी विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आमंत्रित किये जाने हेतु निर्देश दिये।

सार-समाचार

रक्तदान शिविर 25 को

हिंडौन सिटी । रक्त उपलब्ध होने पर उनके द्वारा प्रेषित दुआओं से रक्तदाता को जो पुण्य मिलता है उसकी शब्दों में व्याख्या नहीं हो सकती। यह उदगार जयपुर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने भारत विकास परिषद्, हिण्डौन सिटी द्वारा स्व. सुशीला देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर आगामी 25 फरवरी को आयोजित 48वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक रक्तदान कर सफल बनाने का आठाह करते हुए व्यक्त किए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री गुप्ता ने कहा कि रक्तदान, महादान होता है, इससे पुनीत कोई कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने अधिकाधिक क्षेत्रवासियों को स्वप्रेरित होकर मानवता के इस सर्वश्रेष्ठ कार्य में सहभागिता कर भारत विकास परिषद् द्वारा भामाशाह देवेन्द्र मित्तल, प्रदीप मित्तल एवम् मोहित मित्तल के सहयोग से स्थानीय सूरौठ पैलेस में आगामी 25 फरवरी को प्रात: 9 बजे से सांय 3 बजे तक आयोजित 48वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान करने हेतु कहा। शाखा सचिव पंकज जैन एवम् रक्तदान प्रकल्प प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि परिषद् के सभी सदस्य व मातृशक्ति सदस्याओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की सफ़लता के लिए प्रचार प्रसार हेतु शहर के गणमान्य, प्रबुद्ध जनों से अनवरत सम्पर्क कर प्रचार कार्डो का वितरण किया जा रहा है वहीं सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, पेट्रोल पम्प, मंदिरों, विभिन्न विद्यालयों, शोरूम, दुकानों आदि जगहों पर बैनर पोस्टर लगाकर लोगों से अधिकाधिक रक्तदान करने हेतु आठाह किया है। रक्तदाताओं की सहमति जताने पर उनका रजिस्ट्रेशन कर व्यक्तिगत स्लाइड इत्यादि के माध्यम से भी रक्तदाताओं को जागरुक व प्रेरित किया जा रहा है। प्रांतीय रक्तदान प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता (ढिंढोरा), संयुक्त सचिव नरेश रामपुरा व मोक्षधाम प्रकल्प प्रभारी पवन ऐरन ने बताया कि सदैव की भांति परिषद् द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अधिकाधिक नए रक्तदाताओं को प्रेरित कर जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है। रक्तदान की महत्त्वता बताने पर नए रक्तदाताओं की सकारात्मक सहमति मिल रही है। परिषद् द्वारा विगत 20 वर्षो से हिण्डौन सिटी एवमक्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है उसी के तहत आज समूचे क्षेत्र में रक्तदान के प्रति भरपूर जागरूकता बढ़ी है, भारत विकास परिषद् शाखा हिण्डौन सिटी एवम् विभिन्न सामाजिक तथा मानवीय संगठनों की सहभागिता से विशेष आयोजनों पर आयोजित किए जाने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के परिणामस्वरूप राजस्थान में हिंडौन सिटी सबसे बड़ा रक्त संग्रहण क्षेत्र है।

दहेज के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

धौलपुर। दहेज प्रताड़ना के मामले में पिछले 6 साल से फरार चल रहे आरोपी पति को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद से ही पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। महिला थाने के कार्यवाहक थाना प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 में एक महिला ने थाने पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसका पति दहेज के लिए उसे परेशान करता है। उन्होंने बताया कि महिला द्वारा दर्ज कराए गए मामले के बाद पुलिस आरोपी पति जाकिर (29) पुत्र सकुर खान निवासी मुरैना मध्य प्रदेश की तलाश कर रही थी। लगातार दबिश के बाद भी आरोपी पति पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को थाने के हेड कॉन्स्टेबल अशोक सिकरवार को आरोपी पति के मुरैना मध्य प्रदेश में होने की जानकारी मिली। इसके बाद महिला थाने से एक टीम आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए मुरैना मध्य प्रदेश भेजी गई। जहां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है, जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

रमेश बैरवा नगर ने कार्यभार ग्रहण किया

सवाईमाधोपुर। सोमवार को नगर परिषद सवाई माधोपुर के नव मनोनित सभापति रमेश बैरवा ने आज नगर परिषद के पार्षद व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बजरिया सिद्धी विनायक गणेश मन्दिर पर पूजा अर्चना कर नगर परिषद कार्यालय में पहुंच कर सभापति पद पर कार्यभार ठाहण किया इस अवसर पर नगर परिषद के आयुक्त पंकज मीना सहित सभी कर्मचारियों ने नव नियुक्त सभापति रमेश बैरवा को शुभकामनाए प्रेषित की सभी भाजपा पार्षद एवम कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विधायक केविनेट मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा का आभार व्यक्त किया विगत 4 माह से ये पद रिक्त चल रहा था , केविनेट मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा की अभिषंशा पर वार्ड 55 के भाजपा पार्षद रमेश बैरवा को सभापति बनने का अवसर मिला इस दौरान भाजपा पार्षद कपिल जैन,हनुमान माली,जिनेन्द्र शर्मा, रवि चौधरी, देवेन्द्र शर्मा, नीरज मीना,तनवीर अहमद, केदार चंचल,इंद्रा शर्मा,हरिमोहन जाट,शंकर प्रजापत, शेट्टी जैन, अभयंकर शर्मा,मेघा वर्मा,सुनील तिलकर,रामसिंह गुजर,चंदन सिंह,मंजीत ,आकाश भारद्वाज,मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन,जिला प्रवक्ता रितेश भारद्वाज,शहर अध्यक्ष श्रीचरण महावर,लालचंद गोतम, प्रीतम चौधरी,सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिले के केन्द्रीय प्रभारी ने किया निरीक्षण

करौली (नि.स.)। जिले के केन्द्रीय प्रभारी नरेश पाल गंगवार ने सोमवार को आंगनबाडी केन्द्र पटौंदा का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपलब्ध करवायी जा रही पोषण संबंधी जानकारी ली एवं उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भरायी की रस्म भी की गई। निरीक्षण के दौरान प्री एजूकेशन के बारे में भी जानकारी ली गई इसके अलावा उपस्वास्थ्य केन्द्र फुलवाडा का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीबी के मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही दवाईओं एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पर मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर सुधार के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस अवसर पर जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,सीएमएचओ डॉ. दिनेश मीणा,सीपीओ प्रकाश चंद मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डूबने से एक महिला की मृत्यु हुई

करौली (नि.स.)। मासलपुर के निकट स्थित लैदोर खुर्द गांव निवासी एक महिला की तालाब में डूबने से मृत्यु हुई। सूचना मिलने पर मासलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां उन्होंने मौके पर ही महिला के शब का पोस्टमार्टम करा कर शब परिजन को सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावित्रीबाई पत्नी रामकेश जाटव 30 वर्ष की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। जिसकी उसके पति रामकेष जाटव ने मासलपुर थाना पुलिस को रिपोर्ट पेश कर बताया कि पत्नी जंगल में लकडी लेने गई। और तालाब में पानी पीने चली गई। जहां पानी पीते समय पैर फिसलने से पानी में डूब गई और मृत्यु हो गई। मासलपुर थाना अधिकारी मय पुलिस जाप्ता के साथ मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने मौके पर ही चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम करा कर महिला के शव को परिजन के लिए सुपुर्द किया। उधर महिला कि मृत्यु की सूचना मिलने पर परिवारजन में कोहराम मच गया। उधर मासलपुर थाना अधिकारी ने महिला के पति की रिपोर्ट पर मृग दर्ज कर जांच शुरू की।

अवैध खनन पर की संयुक्त कार्रवाई

रूपवास (नि.स.)। क्षेत्र के नेशनल हाइवे संख्या 123 पर स्थित गहनोली थाना पुलिस व वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गांव कांदौली के पास से एक ट्रैक्टर ट्रॉली मय अवैध मैसेनरी स्टोन के पकड़ा है। खनिज अधिकारी प्रदीप वर्मा ने बताया कि वन विभाग व पुलिस की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ सयुंक्त कार्यवाही की। इस दौरान अवैध खनन की सूचना मिलने पर टीमें गांव बौकोली की तरफ गईं। जहां एक ट्रैक्टर ट्रॉली मैसेनरी स्टोन से भरी हुई थी। इस दौरान टीम ने कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर गहनोली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में अठिाम कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर थानाधिकारी पृथ्वी सिंह,एएसआई राजेन्द्र चाहर, हैड कांस्टेबल जिंतेंद्र कुंतल,एसएमई विजिलेंस यशवंत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

विधायक ने किया सम्मान

करौली (नि.स.)। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त चिराग सारस्वत का करौली विधायक ने माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

गत दिनो हैदराबाद में आयोजित हुई अंडर-19 जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में करौली के हिण्डौन गेट निवासी चिराग सारस्वत पुत्र केंके सरास्वत ने रजत पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता मनोज शर्मा के निवास पर आयोजित हुए सम्मान कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में भाजपा नेता सतबीर चंदीला,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया,के.के. सारस्वत,के.के. मित्तल, मुकेश अरोंदा, मुकेश पचौरी आदि कार्यकर्ताओं एवं विवेक विहार कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय विधायक का माला साफा पहनाकर कर स्वागत किया और रजत पदक प्राप्त चिराग सारस्वत का भी स्वागत सम्मान विधायक के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक गुर्जर ने खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया मंच का संचालन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया के द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का 9 मार्च को होगा आयोजन

भरतपुर, 12 फरवरी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च 2024 को भरतपुर न्यायक्षेत्र में किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत प्री-लिटिगेशन सहित न्यायालयों में लंबित प्रकरणों यथा धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, श्रम विवाद, पानी व बिजली के बिल (अशमनीय के अलावा) एवं अन्य (दाण्डिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद) एवं लम्बित प्रकरणों में शमनीय दाण्डिक अपराध अन्तर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एम.ए.सी.टी. मामले, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल (अशमनीय के अलावा), वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले (केवल जिला एवं उच्च न्यायालय में लम्बित), मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से सम्बन्धित मामले, राजस्व मामले (केवल जिला एवं उच्च न्यायालय में लम्बित), अन्य सिविल मामले (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावे) आदि से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि गत राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को देखते हुए पक्षकारों, बैंकिग सेक्टर, बीमा कंपनियों आदि सहित अधिवक्तागण में भी लोक अदालत को लेकर भारी उत्साह है, जो प्रकरणों में की जा रही प्री-काउंसलिंग में भी देखने को मिल रहा है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामें से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारान् की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। लोक अदालत में शीघ्र व सुलभ न्याय, को अपील नहीं, सिविल कोर्ट के आदेश की तरह पालना, कोर्ट फीस की वापसी, अंतिम रूप से निपटारा तथा समय की बचत होती है।

प्राधिकरण सचिव अजय गोदारा ने पक्षकारान के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने प्रकरण के निस्तारण में सहयोग किए जाने व अधिवक्तागण से प्रकरणों के निस्तारण तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

बैठक आयोजित

भरतपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बंधु की अध्यक्षता में सोमवार को लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आयोग द्वारा अधिसूचित मूल मतदान केन्द्रों के साथ सहायक मतदान केन्द्र स्थापित किये जाने के सम्बंध में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान इंडियन नेशनल कांग्रेस से योगेश सिंघल एवं दयाचंद पचौरी, भारतीय जनता पार्टी से राकेष वर्मा, आम आदमी पार्टी से जितेन्द्र अग्रवाल, बहुजन समाजवादी पार्टी से कैलाष गौतम एवं सीपीएम से जितेन्द्र कुम्भज उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना पूरी पारदर्षिता के साथ सुनिश्चित की जायें। उन्होंने प्रतिनिधियों से आयोग के दिषा-निर्देषों की जानकारी अपने कार्यकर्ताओं एवं सम्बंधितों को साझा करने को कहा जिससे नियमों की पालना षत-प्रतिषत हो सके। उन्होंने मूल मतदान केन्द्रों के साथ सहायक मतदान केन्द्रों के स्थापित किये जाने के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार मीना भी उपस्थित रहे।

आवश्यक सेवाओं सम्बंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक

- कलक्टर ने बिजली, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की पूर्ति के लिए चर्चा की

भरतपुर। जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में आवश्यक सेवाओं सम्बंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की पूर्ति व लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रत्येक पात्र तक पहुंच को सुनिष्चित करने के सम्बंध में आवष्यक दिषा-निर्देष प्रदान किये।

बैठक में जिला कलक्टर ने माननीय मुख्यमंत्री के निर्देषानुसार मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र से प्राप्त परिवादों के निवारण के सम्बंध में विभागवार रिपोर्ट प्राप्त कर लम्बित प्रकरणों को तीन दिवस के भीतर निस्तारण के निर्देष देते हुए विभाग द्वारा परिवाद के सम्बंध में एक्षन टेकन रिपोर्ट जिला मुख्यालय एवं सीएमओ कार्यालय भिजवाने के निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, नगर निगम, यूआईटी, समाज कल्याण, पीएचईडी एवं अन्य विभागों के जिला व सक्षम स्तरीय अधिकारी जमीनी स्तर पर समस्याओं का निवारण सुनिष्चित कर परिवादियों को हरसम्भव सहायता व सुविधा पहुंचाना सुनिष्चित करें। जिला कलक्टर ने निर्देषित किया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन नहीं मिलने व परिवादी के नाम पर किसी अन्य को कनेक्शन जारी करने के प्रकरण प्राप्त होने पर सम्बंधित गैस ऐजेन्सी की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें।

उन्होंने समस्त विभागों के अधिकारियों को जनसुनवाई के प्रकरणों की रिपोर्ट सक्रियता के साथ मुख्यालय एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र के प्रभारी से समन्वय कर प्राप्त करने एवं आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जिला कलक्टर ने कहा कि दायित्वों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

स्कूल पर गामीणों ने जड़ा ताला

- ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल से पोषाहार की चोरी हो रही है

धौलपुर। बाड़ी उपखंड के उमरी गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पर ग्रामीणों के साथ बच्चों ने विरोध प्रदर्शन किया साथ में स्कूल के मुख्य गेट पर तालाबंदी की। उक्त विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्कूल में पोषाहार की चोरी हो रही है। बच्चों के लिए आया पोषाहार स्कूल के शिक्षक घर लेकर जा रहे हैं। वहीं स्कूल में नाम मात्र की भी पढ़ाई नहीं कराई जा रही। ऐसे में बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे बाड़ी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं तहसीलदार ने ग्रामीणों से समझाईश की इसके बाद मामला शांत हो सका। उमरी गांव निवासी रामविलास कुशवाह, गिरिराज सिंह, हरिकेश, बनियाराम कुशवाहा आदि ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय में पोषाहार को शिक्षक अपने घर ले जा रहे हैं। गुरुवार से बच्चों को दुग्ध वितरण नहीं किया गया। उल्टे पोषाहार प्रभारी उक्त दूध के डिब्बों को घर लेकर जाते बच्चों ने देखे तो उनकी भी शिक्षक ने मारपीट कर दी। ऐसे में ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने स्कूल की मुख्य गेट पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया है साथ में कुछ समय के लिए तालाबंदी भी की।

मामले को लेकर मौके पर पहुंचे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों से समझाइश की है। जो भी मामला है उसको लेकर जांच की जाएगी साथ में स्कूल की संस्था प्रधान मीना कुमारी को पूरे मामले की जानकारी देने और आरोपी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। इस सम्बंध में तहसीलदार मोहम्मद हनीफ ने बताया कि स्कूल में ठागमीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। पोषाहार को लेकर ग्रामीणों की शिकायत है कि शिक्षक उसे घर ले जाते हैं साथ में स्कूल में पढ़ाई भी नहीं हो रही।

जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल टीम के लिए चयन

हिंडौन सिटी। जिला सॉफ्टबॉल संघ के खिलाड़ी एवं शहर निवासी करण सिंह का जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट के लिए राजस्थान टीम में चयन हुआ है। जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष देवी सहाय शर्मा और सचिव सियाराम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सॉफ्टबॉल संघ की ओर से आगामी 21 फरवरी से 25 फरवरी तक बिहार के पटना में आयोजित होने वाली जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट के लिए राजस्थान टीम में चयन हुआ है । जिला सॉफ्टबॉल संघ के कोच बबली सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस बूंदी में आयोजित हुई ट्रायल के दौरान बेहतर प्रदर्शन के आधार पर करण सिंह का चयन राजस्थान टीम में हुआ है । चयनित खिलाड़ी करण सिंह को बूंदी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए कोच बबली सोलंकी के साथ रवाना किया है।

'स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिला बन सकती सशक्त'

- कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैग देकर सम्मान किया

गंगापुर सिटी। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का शक्ति वंदन कार्यक्रम विजय पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभापति शिवरतन अग्रवाल एवं आयुक्त रिंकल गुप्ता अतिथी के रूप शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर सरिता बंसल ने किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

मंच पर आसीन सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभापति ने कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं के बीच समूह की भावना का सृजन करती है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया है। इसके अलावा तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म कर देना हो या फिर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पिछले 9 सालों में महिलाओं को सशक्त करने में सबसे आगे रही है।

इस अवसर पर रेखा अग्रवाल, गिर्राज गुप्ता, कृष्ण कुमार, सावित्री शर्मा, डॉक्टर सरिता बंसल, कुशला खुंटेटा, रीना पालीवाल, पूर्व चेयरमेन गीता देवी नरूका, नीरज दीक्षित, नीरू यादव, राजेश मावई, जगदीश खटाना, विकास ठेकला, गोपाल धमोनिया, एन यु एल एम प्रभारी रामेंद्र शर्मा, प्रियंका पाठक आदि उपस्थित रहे।

बाबा बालक नाथ ने किये मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन

मेहंदीपुर बालाजी । भाजपा प्रदेश उपाध्याय व तिजारा से भाजपा विधायक व पूर्व सांसद बाबा बालकनाथ सोमवार दोपहर सिद्धपीठ मेहंदीपुर धाम पहुंचे।जहां उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन किए। बाबा बालकनाथ के मंदिर पहुंचने पर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनका स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने बालाजी का प्रसादी का भोग लगाया व मंदिर के गर्भगृह के सामने बैठकर स्तुति की। बाबा बालक नाथ ने मंदिर के गर्भगृह में काफी देर तक विशेष पूजा अर्चना की। और उसके बाद बालाजी मंदिर के महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज वह बाबा बालक नाथ के बीच काफी देर तक शिष्टाचार धार्मिक मुलाकात हुई।

विकास कार्यों को लेकर उन्हें बताया। इस दौरान मंत महाराज श्री द्वारा बाबा बालक नाथ को माला विशाल उड़कर स्वागत सम्मान किया गया और इस दौरान उन्होंने प्रतीक भेंट किया।

ईसरदा पेयजल परियोजना शिलान्यास किया

महुवा यहां सोमवार को गांव मौजपुर व गोंहडी मीना में जल जीवन मिशन के अंतर्गत इशरदा दौसा पेयजल परियोजना जिला दौसा के पैकेज 5 पंप हाउस का पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा व महुवा विधायक राजेंद्र प्रधान ने मंत्रोचार के साथ शिलान्यास किया ।

इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए डॉ किरोडी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में पेयजल समस्या से निजात के लिए केंद्र सरकार ने घर-घर नल योजना के तहत पानी पहुंचाने के लिए राशि भेजी थी लेकिन पिछली सरकार ने पेयजल की राशि को बिना योजना चलाए भुगतान उठा लिया और योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया। जिसकी जांच अब ईडी कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्टाचार करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा । उन्होंने कहा कि 2010 में पानी की मांग को लेकर जयपुर कूच किया जिससे पूर्वी राजस्थान में इशरदा व चंबल का पानी लाया जाए।

डॉ किरोडी लाल मीणा ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि करीब 350 किलोमीटर से यहां पानी लाया जाएगा इसके लिए जगह-जगह बांध व एनिकट ,तालाब बनाए जाएंगे

गांव मौजपुर व गोंहडी मीना में जल जीवन मिशन के अंतर्गत इशरदा दौसा पेयजल परियोजना का पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने शुभारंभ किया।

जिनको पानी से लबालब भरा जाएगा वही खोहर्रा मूल्ला, कोडंला होते हुए टुडियाना ,नादना के बीच बड़ा एनिकट बनाकर पानी भराव किया जाएगा जहां से बाणगंगा नदी में पानी छोड़कर भरतपुर तक पहुंचाया जाएगा वहीं छोटी नहर निकालकर हुडला, बेडा जगरामपुर सहित अन्य बांधों में पानी लाया जाएगा जिससे क्षेत्र की सभी भूमि सिंचित होगी। इस दौरान डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि इस योजना का मेरे जीते जी क्षेत्र में पानी आया तो मुझे बड़ी खुशी होगी उन्होंने कहा कि इस योजना का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा जहां क्षेत्र में पानी लाया जाएगा जिससे किसानो को भी खुशी मिलेगी। डॉ किरोड़ी लाल ने कहा कि किसानों को अब मॉडल खेती पर ध्यान देना होगा जिसमें मोटा मुनाफा कमाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसानो को पोली हाउस जैसी योजनाओं का लाभ लेकर विभिन्न प्रकार की खेती करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार द्वारा 95 की सब्सिडी मिल रही है ऐसे में किसान कृषि योजनाओं का लाभ लेकर नई तकनीकी के साथ खेती करें।